## खबर संक्षेप

### 5 जुलाई संजय नगर का कार्यक्रम आगे बढ़ा

**सौंसर।** नगर के वार्ड क्रमांक 15 संजय नगर सौसर के बौद्ध विहार परिसर में 5 जुलाई को होने वाला आयोजन आगे बढ़ गया है।सुजाता महिला मंडल संजय नगर सौसर एवंइंडो एशियन मैत्ता फाउंडेशन इंडिया से जुड़े पदाधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार आगामी 5 जुलाई शुक्रवार को संजय नगर बुद्ध विहारएवं तथागत भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा अनावरण समारोह एवं श्रीलंका से आ रही तथागत भगवान गौतम बुद्ध की पवित्र अस्थिधातु, मूर्तिवितरण, श्रीलंका थाईलैंड ताइवान फिलिपिस आदि देशों से आने वाले भिक्खु संघ विदेशी मेहमानों की सुरक्षा व्यवस्था प्रशासनिक,आदि कारणों से 5 जुलाई के कार्यक्रम स्थगित कर आगे बढ़ाया गया है। जल्द ही समाज बंधुओ की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन कर कार्यक्रम की रूपरेखा एवं तारीख तय की जाएगी।

### सचिव नारायण राउत का हुआ सेवानिवृत्ति कार्यक्रम

**सौंसर।** सोमवार को जनपद पंचायत के सभाकक्ष में सचिव नारायण राऊत के सेवानिवृत्ति पर जनपद पंचायत और सचिव संगठन की ओर से भावभीनी बिदाई दी गई। सचिव संगठन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष संजय भूते, जप उपाध्यक्ष नारायण वाढबुदे, खंड पंचायत निरीक्षक सुभाष ठाकरे, सुरेश डोंगरे, डी आर अनेराव, योगिराज भगत, टी सी घोड़मारे,मोतीराम ठाकरे मंचासिन थे। आयोजन के दौरान सेवानिवृत हुए सचिव श्री राउत का जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधियों अधिकारी कर्मचारी एवं सचिव संगठन, सहायक सचिव रोजगार की ओर से शाल श्रीफल उपहार देकर स्वागत सत्कार किया गया। इस दौरान सेवानिवृत हुए श्री राउत ने पंचायत विभाग में बिताए हुए अपने खट्टे मीठे अनुभव को साझा करते हुए कहा कि सौसर क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायत में सचिव पद पर रहते हुए किए गए कार्य सेवाओं के साथ ही समय-समय पर सचिव संगठन एवं जनपद के अधिकारियों कर्मचारी के द्वारा दिए गए सहयोग पर आभार व्यक्त किया।

## मेडिकल कालेज में सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी: विवेक साहू

# मेडिकल कॉलेज के लिए मिला 100 करोड़ का बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से मेडिकल कालेज के निर्माण के लिए बजट में 100 करोड़ रूपये की राशि आंवटित की गई है। सांसद श्री साहू ने कहा था कि मेडिकल कालेज के निर्माण के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इसको लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी से भी चर्चा की थी। सांसद बंटी विवेक साहू के सांसद पद की शपथ लिए एक सप्ताह भी नहीं हुये कि जिले के विकास के लिए बड़ी बड़ी सौंगाते मिलना प्रारंभ हो गई हैं। सांसद बंटी विवेक साहू का कहना है कि छिंदवाड़ा में ऐसा मेडिकल कालेज एक ऐसा हब बनेगा कि छिंदवाड़ा ही नहीं आस पास के जिले के लोग छिंदवाड़ा में ईलाज कराने के लिए आयेंगे। उन्हें नागपुर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। छिंदवाड़ा मेडिकल कालेज को सभी मूलभूत सुविधाओं और आधुनिक सुविधाओं से लैस कराया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि लगातार सांसद बंटी विवेक साहू प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मंत्रियों से मिलते रहें हैं। सांसद ने कहा कि 45 वर्षो से जिले को छला गया था। अब उसे छलने नहीं देंगे। शिक्षा स्वास्थ्य के क्षेत्र में छिंदवाड़ा को आदर्श जिला बनायेंगे। सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से प्रदेश सरकार ने बजट में 100 करोड़ रूपये दिये हैं सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने कहा कि बजट मिलने के बाद न केवल सुविधाएं बढ़ेगी। बल्कि मेडिकल कालेज लोगों की अपेक्षा के अनुरूप बनाया जा सकेगा।

### मिली अरबों की सड़क एवं पुल, पुलियाओं की सौगात

सांसद बनते ही बंटी विवेक साहू जिले के विकास के लिए लगातार सक्रिय हैं और बंटी विवेक साहू व्दारा प्रदेश और केन्द्र सरकार से छिंदवाड़ा के विकास के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिलेवासियों को सांसद श्री बंटी विवेक साहू जी ने अरबो रूपये की सड़को और पुल, पुलियाओं की सौगात प्रदान की हैं। अब ग्रामीण अंचलों में सड़कों का जाल बिछेगा। कई गांव राष्ट्रीय राज्यमार्ग से जुड़ेंगे, सांसद श्री बंटी विवेक साहू के प्रयासों से जिले के विभिन्न ग्रामीण अंचलों में स्वीकृत हुई सड़कों में ग्राम लोटिया से अनखावाड़ी, चाखला, बम्हनी मार्ग लम्बाई 7.30 किमी लागत 18 करोड़ 60 लाख, राष्ट्रीय राज्यमार्ग क्रमांक 347 से राज्य मार्ग क्रं 19 के मध्य व्हाया रोहनाकलां, गुरैया, पोआमा मार्ग पर पुलिया निर्माण कार्य लागत 3 करोड, राज्डोंगरी, देवनाला, चाटवा, पिपरपानी, बोरगांव, तिगांव मार्गपर पुलिया निर्माण कार्य लागत 6 करोड, रिधोरा, घोघरीखापा मार्ग पर पुल निर्माण कार्य लागत 6 करोड़, उमरानाला, मोहखेड, पालाखेड़, सांवरी, मुजावर, मोरडोंगरी, उमरेठ, खिरसाडोह मार्ग पर पुलिया निर्माण कार्य लागत 6 करोड, कन्हरगांव, मूसादेही, रोहना पुरा मार्ग पर पुलिया निर्माण कार्य लागत 3 करोड़ 20 लाख, छिंदी, सोनपुर मार्ग 3.40 किमी. लागत 3 करोड़, माहुलझिर, अनहोनी, बंधी मार्ग 6.20 किमी. लागत 1 करोड़ 50 लाख, अंजनगांव पहुंच मार्ग 2.60 किमी. लागत 2 करोड़ 10 लाख, बाघोड़ा, लोधीखेड़ा मार्ग 7.10 किमी. लागत 6 करोड़ 95 लाख, दीघावानी नवेगांव मार्ग 3.00 किमी. लागत 3 करोड़, कुंडा, सागर, किरंगीपार, कपूर्दा, सर्रा, घोडावाड़ी मार्ग 12.50 किमी. लागत 3 करोड़ 50 लाख बनेगी।

## आरोपी पर हुई एनएसए की कार्यवाही

# नाबालिग के अपहरण का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

बीते दिनों पहले अमरवाड़ा थाना की सिंगोड़ी चौकी में नाबालिग का अपरहण करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनएसए की कार्यवाही कर उसे जेल भेज दिया है।

आपको बता दें कि पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ए.पी. सिंह द्वारा जिले में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त, अभ्यस्त अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु अभियान जारी हैं।जिसके चलते 30 जुलाई को सिंगोड़ी (अमरवाड़ा) में नाबालिक पीड़िता ने रिपोर्ट किया कि सुबह के समय जब वह गांव से थोड़ी दूरी पर जंगल तरफ बकरी चराने गई थी, उस समय एक काले रंग की पल्सर मोटर सायकल के चालक आया और जबरदस्ती उसे उठाकर अपने मोटर सायकिल में बैठाकर ले जाने लगा, चिल्लाने पर साथ बकरी चरा रहे लोगो के आने पर मोटर सायकिल चालक मुझे व अपनी मोटर सायकिल छोड़कर भाग गया। रिपोर्ट पर थाना अमरवाड़ा में काले रंग की पल्सर मोटर सायकल चालक के विरूद्ध धारा 363,365 भा.द.वि. पंजीबद्ध किया गया। त्वरित कार्यवाही करते हुए मोटर सायकल चालक की तलाश पतासाजी की गई, मोटर सायकल चालक की पहचान विक्की उर्फ आकाश पिता रामकिशोर बंशकार उम्र 28 साल निवासी सिंगोड़ी (अमरवाड़ा) के रुप में हुई, आरोपी घटना दिनांक से फरार था। ऐसे में आरोपी की पतासाजी हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में अनु. अधि. (पु.) अमरवाड़ा रविन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में थाना प्रभारी अमरवाड़ा द्वारा टीम गठित कर सायबर सेल व मुखबिर तंत्र सक्रिय कर घेराबंदी, दबिश देकर आरोपी विक्की उर्फ आकाश बंशकार को पकड़ा गया, जो पूर्व से निगरानी बदमाश व अभ्यस्त आरोपी होना पाया गया, जिसके विरुद्ध जिले के विभिन्न थानों में एवं जिला पांढुर्णा तथा जिला होशंगाबाद में भी विभिन्न धाराओं में आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं। आरोपी के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा 3(2) (एन.एस.ए.) के अंतर्गत कार्यवाही के संबंध मेंथाना प्रभारी अमरवाड़ा के प्रतिवेदन प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा मनीष खत्री के द्वारा शीलेन्द्र सिंह जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर छिंदवाड़ा को प्रतिवेदन प्रतिवेदित किया गया, जिसमें जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर छिंदवाड़ा द्वारा आरोपी विक्की उर्फ आकाश बंशकार के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा 3(2) (एन.एस.ए.) के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही करते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया।

# परिवहन विभाग ने 6 वाहनों से वसूला 12 हजार रूपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आज शहर के विभिन्न स्कूलों में जाकर सभी वाहनों की बारीकी से जांच की गई। परिवहन जांच दल द्वारा सवारी बसों, ऑटो रिक्शा एवं सभी प्रकार के यात्री वाहनों सहित अन्य सभी छोटे-बड़े वाहनों की जाँच की गई जिसमें मुख्यतः वाहनों के समस्त दस्तावेजों जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वैध लाइसेंस। जाँच के दौरान वाहनों में सुरक्षा संबंधी उपकरण जैसे अग्नि शमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, आपातकालीन द्वार आदि की जांच की गई। जिन वाहनों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि शहर के विभिन्न स्कूलों में जाकर सभी वाहनों की बारिकी से जांच की गई। चैकिंग की जानकारी लगने पर वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। उन्होंने अपने रास्ते को बदल लिया। मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने पर 06 वाहनों से 12000 रूपये जुर्माना लिया गया । साथ ही 03 स्कूल वाहनों एमपी 28 पी 0664, एमपी 20 टी 7756 एवं एमपी 22 बीए 0374 को बिना परमिट, फिटनेस, बीमा के संचालित पाये जाने पर जप्त कर परिवहन कार्यालय छिंदवाड़ा की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। वर्तमान में माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेशानुसार हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के संबंध में भी जांच की जा रही है जिसमें उन 03 वाहनों पर चालानी कार्यवाही 1500 रूपये की गई जिन्होंने हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगाये थे। उन्होंने बताया कि वाहन संचालकों को समय-समय पर मीटिंग लेकर समझाईश दी जा रही है कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी। सभी वाहन स्वामियों को हिदायत दी है कि वे सभी अपने-अपने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अतिशीघ्र लगवा लें और मोटरयान अधिनियम 1988 के सभी प्रावधानों का पालन करें।

## शासकीय कर्मचारी ही शासन को लगा रहे चूना

# अस्पताल से निजी क्लीनिक जा रही चेयर



**छिंदवाड़ा।** जिले में भ्रष्टाचार की पराकाष्टा देखने को उस समय मिली जब अस्पताल से चोरी करके व्हील चेयर एक चिकित्सक अपने घर पहुंचाया। इस बात से अंदाज लगाया जा सकता है कि शासकीय सम्पत्ति का कैसे दुरूपयोग किया जा रहा है। अगर यही काम कोई बाहर का चोर करता था तो उस पर चोरी का केस दर्ज कर लिया जाता। इस चिकित्सक की नीयत में जब इतना खोट है तो इसने आज तक न जाने कितनी चोरी की होगी। मामला बहुत रोचक तो है ही साथ ही शर्मनाक भी है। दरअसल सूत्रों से खबर है कि जिला अस्पताल की चेयर एम्बुलेंस में भरकर निजी क्लीनिक में ले जाई जा रही थी। उक्त चेयर जिला अस्पताल के एक डॉक्टर के बरारीपुरा के पास वाले निजी क्लीनिक में भेजी गई है। अस्पताल सूत्रों में चर्चा है कि डॉक्टर साहब ने चार दिन पहले इसे अलग करके रखवा दिया था और बीते रोज मौका मिलते ही चेयर को एम्बुलेंस से अपने क्लीनिक रेफर करवा दिया। अस्पताल से शासकीय सम्पत्ति चोरी होने की घटना कोई पहली बार नहीं है कुछ साल पूर्व जिला अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग से एलईडी भी गायब हुई थी दवाइयां, फिनाइल के अलावा कई सामग्रियां गायब होना अब आम बात हो गई है। जिला प्रशासन को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है और ऐसे चोर चिकित्सक का पर्दाफाश करना भी जरूरी है।

## पूर्व विधायक का बैनर फाड़ने को लेकर थाना में शिकायत, कारवाई की मांग

**पांढुर्ना ।** कल सीएमओ नगरपालिका के शासकीय आवास के ठीक सामने लगे पूर्व विधायक मारोतराव खवसे के जन्मदिन बधाई वाला बैनर अनेक स्थानों से फटा पाया गया। आज इस संबंध में कुछ भाजपाईयों ने पुलिस थाना पांढुर्ना में लिखित शिकायत प्रस्तुत करते हुए थाना प्रभारी अजय मरकाम से उचित कारवाई किए जाने की मांग पूर्व मंडल अध्यक्ष विष्णु लेंडे ने की है। शिकायत में बताया गया है कि पूर्व विधायक मारोतराव खवसे को जन्मदिन की बधाईयां देने संबंधी एक बडा होर्डिंग उक्त स्थान पर लगाया था। इस होर्डिंग पर भाजपा सांसद बंटी साहू का भी फोटो था। इसके अलावा अनेक पदाधिकारियों के फोटो एवं नाम होर्डिंग पर लिखे गए थे। इस होर्डिंग को 1 जुलाई की रात्रि में कुछ अज्ञात तत्वों द्वारा अनेक स्थानों पर फाड दि या गया। इस संबंध में नगर में चर्चा व्याप्त है कि नगर में भाजपा में खूब गुटबाजी है और आपस में खूब प्रतिद्वंदिता है। कहीं इसी प्रतिद्वंदिता के चलते तो होर्डिंग नहीं फाडा गया ? या फिर पूर्व विधायक मारोतराव खवसे से नाराज होकर कुछ लोगों ऐसा निंदनीय कृत्य किया? पूर्व नगरमंडल अध्यक्ष विष्णु लेंडे ने थाना प्रभारी अजय मरकाम से इस मामले की जांच कर दोषियों पर कारवाई की मांग की है।

# पर्यटन स्थलों की सफाई, सुरक्षा और प्रचार पर हुआ विचार-विमर्श

**छिन्दवाड़ा।** जिला पुरातत्व, पर्यटन व संस्कृति परिषद की रिसोर्स पर्सन समिति की बैठक आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में संपन्न हुई । बैठक में जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटकों को स्थानीय हस्तशिल्प से जोड़ने, पर्यटन स्थलों पर सफाई और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए और सोशल मीडिया पर पर्यटन स्थलों का प्रचार करने, जिले की सीमाओं और प्रमुख स्थानों पर जानकारी देने वाले बोर्ड लगाने, जिसमें पर्यटन स्थलों, होम स्टे की जानकारी आसानी से मिल सके आदि पर विचार-विमर्श किया गया । जिले के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह व सीईओ जिला पंचायत पार्थ जैसवाल के कुशल मार्गदर्शन में कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला पुरातत्व, पर्यटन व संस्कृति परिषद की रिसोर्स पर्सन समिति का गठन किया है, जो पर्यटन के क्षेत्र सहित कला-संस्कृति, खेल, हस्तशिल्प, लोकनृत्य, रंगकर्म आदि के विकास पर कार्य करेगी। समिति की पहली बैठक के बारे में नोडल अधिकारी श्री बलराम राजपूत ने बताया कि छिंदवाड़ा के विस्तृत इतिहास, प्रमुख पर्यटन स्थलों, एतिहासिक व पौराणिक महत्व के स्थानों, मेलों-धार्मिक स्थलों, जनजातीय महत्व सहित कई विषयों पर व्यापक चर्चा की गई।

# कलेक्टर ने किया मतदान केंद्र झिरपानी का किया निरीक्षण

## चौपाल लगाकर ग्रामीणों से चर्चा की और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-123 अमरवाड़ा के उप निर्वाचन 2024 के लिए मतदान 10 जुलाई 2024 को होना है। वर्षा ऋतु के दृष्टिगत मतदान की तैयारियों एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह आज विधानसभा क्षेत्र अमरवाड़ा पहुंचे और मतदान केंद्र क्रमांक 28 झिरपानी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चौपाल लगाकर ग्रामीणों से चर्चा की और मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। मतदान केंद्र झिरपानी तक पहुंचने के मार्ग में ग्राम झिरपानी और नागरी के बीच हरद नदी पड़ती है, वर्षाकाल के दृष्टिगत मतदान दल के मतदान केंद्र पहुंचने में किसी तरह की बाधा उत्पन्न न हो इसके लिए एसडीएम अमरवाड़ा और जिला सैनानी होमगार्ड को समुचित व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। यहां किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए नदी के दोनों किनारों पर ट्रैक्टर, होमगार्ड की बोट और लाइफ जैकेट सहित आपदा प्रबंधन दल तैनात रहेंगे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी अमरवाड़ा हेमकरण धुर्वे, तहसीलदार तामिया उमराज सिंह वार्ले और सीईओ जनपद पंचायत तामिया संतोष मांडलिक उपस्थित थे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एसडीएम ने किया पौधारोपण



**बिछुआ।** जिले में 01 जुलाई से 15 जुलाई तक एक पेड़ मां के नाम॰ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत चौरई एस डी एम प्रभात मिश्रा द्वारा जनपद पंचायत बिछुआ के ग्राम पंचायत सामरबोह में एक पौधा लगाया। इस दौरान इस अवसर पर सीईओ सुरेश कुमार इन्दौरकर, तहसीलदार रूपेश्वरी कुंजाम,बीएमओ नीलेश सिद्दाम, वरिष्ठ कृषि अधिकारी अरविंद जावरे, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी भावना कमरे,अधीक्षक देवानंद नागरे,जनपद पंचायत बिछुआ सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों,शिक्षकों व स्कूली विद्यार्थियों ने भी एक पेड़ मां के नाम॰ अभियान के तहत पौधा लगाया।

## विधिक जागरूकता शिविर तथा पौधारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार बाल संवर्धन एवं सरंक्षण अभियान 2 से 6 जुलाई तक चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सारना में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर तथा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रत्येक बच्चे के लिए विधिक सेवा सहित सभी विकल्प उपलब्ध कराने, उनके व्यक्तित्व का समग्र विकास, उनकी शारीरिक, मानसिक, नैतिक व अध्यात्मिक क्षमता के विकास के लिये नालसा योजना 2015 के संबंध में जानकारी दी गई।

शिविर में जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा श्री प्रेमपालसिंह ठाकुर ने बच्चों को बाल संवर्धन एवं संरक्षण के अंतर्गत बच्चों के अधिकार एवं कर्त्तव्यों के विषय में जानकारी दी ओर बाल अधिकारों के उल्लंघन होने पर बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास पर जो प्रभाव पड़ता है उसके बारे में बताया। साथ ही पॉक्सो अधिनियम की जानकारी देते हुये बताया कि लैंगिक अपराध होने पर उसे सहन नहीं करें, बल्कि अपराध करने वाले व्यक्ति के विरूध्द कार्यवाही कर उन्हें दंण्डित करवाने का प्रयास करना चाहिए, जिससे की समाज में इस प्रकार के अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। पौधरोपण- शिविर के बाद पंच-ज अभियान के अंतर्गत शाला परिसर में जिला न्यायाधीश/सचिव श्री प्रेमपाल सिंह ठाकुर, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री विजय खोब्रागड़े, सामाजिक कार्यकर्ता एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य श्री श्यामलराव, शाला की प्राचार्या श्रीमती भारती त्रिवेदी मौजूद रहे।

### जिले में अभी तक 198.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 198.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 247.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 03 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 2.0 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है।

अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 03 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 0.8, तामिया में 01, अमरवाड़ा में 2.2, हर्रई में 10.4, परासिया में 2.2, जुन्नारदेव में 4.4 और उमरेठ में 1.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 174.7, मोहखेड़ में 151.6, तामिया में 238, अमरवाड़ा में 293.6, चौरई में 157.8, हर्रई में 122.8, बिछुआ में 171, परासिया में 163.6, जुन्नारदेव में 166.2, चांद में 272 और उमरेठ में 175.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# देशभर के 16 साइक्लिस्ट होंगे टूर डी आयोजन में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा साइकिल सफारी के सहयोग से टूर-डी सतपुड़ा 2024 का आयोजन 05 जुलाई से किया जा रहा है। देश एवं विदेश के 16 साइक्लिस्ट छिंदवाड़ा और नर्मदापुरम जिले में 200 किलोमीटर तक का रोमांचक सफर तय करेंगे, जिसका समापन 07 जुलाई को पचमढ़ी में होगा। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति विभाग और प्रबंध संचालक म.प्र. टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि छिंदवाड़ा से शुरू होने वाली सफारी में साइक्लिस्ट को प्राकृतिक सौंदर्य के बीच चुनौतीपूर्ण चढ़ाई का सामना करना होगा। सतपुड़ा पर्वत श्रृंखलाओं के मनोरम गंतव्यों के अलावा उन्हें ग्रामीण जीवन व संस्कृति देखने का मौका भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि टूर-डी सतपुड़ा के माध्यम से हम लोगों को प्रदेश की ऑफबीट डेस्टिनेशन्स में मौजूद सुंदर परिदृश्य, वन्य जीवन और सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराना चाहते हैं। साइकिल सफारी के आयोजन का उद्देश्य मध्यप्रदेश को एडवेंचर टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने के साथ ही क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा देना है। छिंदवाड़ा, पातालकोट, तामिया, पचमढ़ी को साइक्लिंग कम्युनिटी के मध्य लोकप्रिय भी बनाना है, जिससे इस मार्ग पर नियमित रूप से साइक्लिंग गतिविधि संचालित हो सके। टूरिज्म बोर्ड के ज्वॉइंट डायरेक्टर डॉ.एस.के. श्रीवास्तव ने बताया कि सभी प्रतिभागी 04 जुलाई को केम्प में पहुंच जाएंगे।

## कुआंबादला सर्किल का मामला, तामिया रेंजर की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

# खुट्टी के जंगल की नदी से खुलेआम हो रहा रेत का अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



रेंज की कुआं बादला सर्कल के अंतर्गत आने वाली सभी बीट हमेशा से ही वन अपराधियों के लिए मुफीद जगह रही हैं। कुर्सीढाना भांडी बीट में सागौन की अवैध कटाई के कई प्रकरण दर्ज हो चुके हैं। वहीं नवरी टोला बांगई में गर्मी के दिनों में जमकर रेत का रेंजर की मौन स्वीकृति नारकेदार, डिप्टी डेंजर के संरक्षण में अवैध उत्खनन हुआ क्योंकि राजस्व की नदियों में रेत खत्म होने के कारण रेत चोरों ने वन कर्मियों को लालच देकर वन भूमि में रेत का उत्खनन करना शुरू किया और यह सिलसिला बदस्तूर एनजीटी की रोक के बाद भी जारी है। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण आज कुआं बादला सर्कल से लगे खुट्टी के जंगल की नदियों से एनजीटी की रोक के बावजूद आज सुबह खूंटटी स्कूल के पास बहने वाली नदी जो राज ढाना के जंगल से होकर आती है। सुबह वन भूमि की नदी से रेत निकलती ग्रामीणों ने देखी। दिन में बिना वन विभाग के कर्मचारियों के संरक्षण के बगैर रेत निकल ही नही सकती। इसी से सिद्ध हो गया है कि तामिया रेंज की कुआं बादला सर्कल में आज भी वन भूमि से दिन के उजाले में रेत निकाली जा रही है। जिस तरह आज कुआं खूंटटी के जंगल की नदियों से दिन में रेत के हो रहे अवैध उत्खनन से तामियां रेंजर की कार्यप्रणाली पर एक बार रेत चोरी के कारण सवाल खड़े होने लगे हैं। आखिर उनके मातहत कर्मचारियों की इतनी हिम्मत तो नहीं है कि वो दिन में रेत निकालाने दे। कहीं ना कहीं नाकेदार डिप्टी डेंजर को तामिया रेंजर का अघोषित संरक्षण मिला हुआ है और मिलने वाली अवैध वसूली में इनकी सहभागिता से इनकार नहीं किया जा सकता कि ट्रैक्टरों से दिन में रेत का निकलना और उस पर कोई कार्रवाई नहीं होना तो यही सिद्ध करता है कि रेत चोरों को रेंजर का संरक्षण अघोषित रूप से मिला हुआ होगा। दिन में जंगल की नदी से रेत भर रहा ट्रैक्टर रेंजर एवं क्षेत्र के डिप्टी रेंजर नाकेदार की कार्य प्रणाली पर खुला सवाल खड़ा कर गया। विभाग के वरिष्ठ अधिकारी हमेशा तामिया रेंजर की गलतियों पर पर्दा डालते आए हैं। खूंटटी में हो रही रेत चोरी पर पर्दा डालने में ही शायद विश्वास रखते नजर आएंगे। ऐसी ग्रामीण एवं आमजन में चर्चा है कि इतने बन अपराधों के बाद भी रेंजर के खिलाफ कोई कार्यवाही तो दूर उन्हें कारण बताओं नोटिस भी शायद नहीं दिया गया होगा। ऐसा प्रबुद्ध जनों का मानना है एनजीटी की रोक के बाद दिन के उजाले में जंगल की नदी से रेत का निकाला जाना यही सिद्ध करता है।

## महामहिम राज्यपाल से लगाई न्याय की गुहार

# अचानक हो गए सातनुर चेक पोस्ट कर्मचारी बेरोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



सातनुर चेक पोस्ट पर कार्य करने वाले कर्मचारियों के द्वारा राज्यपाल के नाम सौसर तहसीलदार भावना मलगाम को ज्ञापन सोपते हुए न्याय की गुहार लगाई।ज्ञापन में सातनुर चेक पोस्ट पर काम करने वाले कामगारों ने बताया की परिवहन मंत्रालय विभाग द्वारा अंतर्राज्य सीमाओ में संचालित परिवहन जांच चौकीयो का संचालन 30 जून को मध्यरात्री से पूर्णतः बंद कर दिया गया है। जिसके साथ ही कम्प्युटराईज तौल काटो का संचालन भी बंद हो गया है। जिसके कारण चैक पोस्ट के कार्यरत सभी कर्मचारी कम्प्युटर ऑपरेटर, हाऊस कपिंग, इंजिनियर, इलेक्टेशीयन एवं स्टॉफ बेरोजगार हो गया है। यहां पर कर्मचारी वर्ष 2014 से अर्थात 10 वर्षो से कार्यरत है। जिनकी उम्र लगभग 40-45 हो चुकी है। ऐसी परिस्थित में समस्त कर्मचारीयों अपने परिवार का पालन पोषण की समस्या उत्पन्न हो गई है। उम्र को देखते हुये समस्त कर्मचारी किसी दुसरे विभाग में कार्य की सीमा से बाहर हो गये है। प्रदेश के मुख्यमंत्री से माग करते है कि हमारे ज्ञापन पर गौर करते हुये कम्प्युटरराईज तौल काटो का संचालन पूर्व रूप से यथास्थिति में चालु कर समस्त कर्मचारीयों एवं परिवार के साथ न्याय करना चाहिए। मांगो पर ध्यान नही दिया जाता है तो भविष्य में सभी कर्मचारियों के द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान रमेश डोंगरे,पंकज ठाकरे,आशिष बेड़े,राहुल निम्बुलकर सुरेश पटोलिया,अमोल दद्याये, इरफान दिवान, संदीप काकड़े, ईश्वर चीचकार,सुनिल घुगल, संजय जीवतोड़े, हर्षद पट्टे,शुभम ढोके,पंकज भाकरे आदि थे।

## अम्बेडकर परिवार के साथ जुड़कर करे समाज कार्य

**बोरगांव।** भारतीय बौध्द महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजरत्न आंबेडकर,मध्य प्रदेश अध्यक्ष मुकुल वाघ नेतृत्व में छिंदवाड़ा पांढुर्णा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बैठक करते हुए नई ग्राम शाखाओं का गठन किया जा रहा है। भारत को बौद्धमय बनाने के लिए सभी को भारतीय बौद्ध महासभा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राजरतन अंबेडकर और अंबेडकर परिवार के साथ में जुड़कर काम करना पड़ेगा। तभी हम भारत को बौद्धमय बना पाएंगे, हमें समाज को एकजुट एक सूत्र में बंधकर काम करना है,उपरोक्त उदद्गार औद्योगिक क्षेत्र की ग्राम गोवारी वाडोना में बौद्ध विहार में आयोजित बैठक में भारतीय बौद्ध महासभा जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत, सौसर तहसील अध्यक्ष लक्ष्मीदास बोरकर ने व्यक्त कीये। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी मुरलीधर कामले गुरुजी ने की। बैठक के दौरान डॉ वाय एल ठवरे,राजेश बागड़े, जिला उपाध्यक्ष करुणा दिवाकर,बागड़े,संगठन सचिव राकेश नागदवने,बादल बोरकर,सिद्धार्थ सोमकुवर,के द्वारा गठन प्रक्रिया को संपन्न किया गया। जिसमें गोवारी वाडोना ग्राम अध्यक्ष विनेश पाटील को सर्वसम्मति से बनाया गया। अन्य पदाधिकारी में उपाध्यक्ष अरुण बागडे,बेबीबाई गजभिये,सचिव निखिल दिलीप मासुरकर,कोषाध्यक्ष सविता पाटील,सहसचिव ममता मिलिंद भुतागे,मार्गदर्शक धनराज नारनवरे,को बनाया गया। इस दौरान कुंडलिक पगारे, प्रदीप पाटिल विखनाथ भूतांगे,श्रीकांत पगारे, अरुण बागडे,कुंडलिक पगारे, रमाबाई बागड़े,विश्वनाथ भुतांगे श्रीकांत पगारे आदि उपस्थित थे।

## दीक्षारंभ कार्यक्रम का हुआ समापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन के आदेशानुसार तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह कार्यक्रम का समापन बुधवार 3 जुलाई को किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जुन्नारदेव अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कामिनी ठाकुर, तहसीलदार प्रीति पटेल सहित जनप्रतिनिधि विष्णुप्रसाद शर्मा एवं राजेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. वाय.के. शर्मा सहित समस्त स्टॉफ की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम कामिनी ठाकुर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये महिला उत्पीड़न पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहां कि आज महिलाओं को शारीरिक और मानसिक तौर पर तैयार रहने की आवश्यकता है। महिलाएं वर्तमान में लगातार सशक्त बन रही है और प्रत्येक क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। महिलाएं अपनी परेशानियों को दबाएं न वे उसके प्रति सजग रहकर आवाज उठायें। विष्णुप्रसाद शर्मा द्वारा महाविद्यालय में प्रवेशित विद्यार्थियों को सतत लक्ष्य बनाकर अपनी मंजिल को प्राप्त करने की बात कहीं गई। राजेश श्रीवास्तव द्वारा गुरूकुल का बखान करते हुए गुरू और शिष्य की महिमा की बात कहीं गई।

# वार्ड 10 के साथ भेदभाव कर रही परिषद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर पालिका परिषद परासिया की बैठक में बुधवार को वार्ड दस को लेकर पार्षद अनुज पाटकर ने तीखे आरोप लगाए। उन्होंने कहा , कि वार्ड क्रमांक 10 के साथ परिषद भेदभाव कर रही है। बीते दो सालों में एक रुपए का निर्माण कार्य वार्ड क्रमांक दस में नहीं किया गया । वार्ड की सबसे बड़ी समस्या नाले की सफाई नहीं की गई । जिसके चलते पिछली बारिश में लोगों के घरो में पानी भर गया था । अनुज पाटकर ने कहा , कि बीती दो बैठको से पारिवारिक समस्याओं के कारण वे बैठक में उपस्थित नहीं हो पाए थे । आज की बैठक में वार्ड क्रमांक 10 का मुद्दा उठाया । उन्होंने कहा , कि वार्ड क्रमांक 10 में परिषद से बार बार निवेदन के बाद भी एक भी रुपए का निर्माण नहीं किया गया । परिषद उनके वार्ड के नागरिकों के साथ भेदभाव कर रही है । वर्तमान में बारिश चल रही है । बीते वर्ष नाले के कारण पानी लोगों के घरों में घुसा था । वार्ड 11 में भी ऐसा ही हुआ था । उन्होंने कहा , कि सफाई के लिए नगर पालिका में बार बार कहा गया । जब सफाई नहीं हुई तो वार्डवासियों ने खुद सफाई का काम किया । उन्होंने कहा , कि आज ही तत्काल जेसीबी लगाकर वार्ड दस में नालों की सफाई की जाए । जेसीबी नहीं मिल रही है तो वे जेसीबी उपलब्ध करा देंगे । उन्होंने कहा , कि वार्ड दस के लोगों के साथ भेदभाव वे नहीं होने देंगे।

## ग्राम पंचायत जाटाछापर के उपसरपंच का निधन, पंचायत परिवार ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**परासिया :-** परासिया जनपद की ग्राम पंचायत जाटाछापर के उप सरपंच रूपेश राय का बुधवार को नागपुर में इलाज के दौरान निधन हो गया । ग्राम पंचायत परिवार ने मृतक भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी । मृतक रूपेश राय को उसके ही मातहत ने घातक हथियार मार कर घायल किया था ।गौरतलब है , कि ग्राम पंचायत जाटाछापर के उप सरपंच रूपेश राय को उनके ही खेत में काम करने वाले नंदू नामक व्यक्ति ने घातक हथियार से वार कर घायल कर दिया था । बताया जा रहा है नंदू खेत से बगैर पूछे लौकी तोड़कर बाजार में बेच रहा था । रूपेश को जब यह बात पता चली तो उसने बाजार जाकर नंदू को फटकार लगाई । इस दौरान नंदू ने पास में रखें घातक हथियार से रुपेश के सिर पर वार कर दिया । यह घटना 16 जून बताई जा रही है । इस घटना के बाद मृतक रूपेश को गंभीर अवस्था नागपुर ले जाया गया और पुलिस ने आरोपी नंदू के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया था । नागपुर में इलाज के दौरान रूपेश राय की बुधवार 3 जुलाई को मौत हो गई । जिसका पार्थिव शरीर ग्रह ग्राम जाटाछापर लाया गया और यहां स्थानीय मोक्षधाम में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया । मृतक रुपेश के परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं । जाटाछापर ग्राम पंचायत परिवार की ओर से इन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई । वहीं जनपद उपाध्यक्ष जमील खान ने इस घटना को दुखद बताते हुए मृतक के परिवारों को आवश्यक सहयोग करने की बात कही है ।



# स्कूल बसों का फिटनेस करना है जरूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होते ही स्थानीय प्रशासन और शिक्षा विभाग ने विकासखंड जुन्नारदेव में संचालित 52 प्राइवेट स्कूलों के संचालकों की बैठक आयोजित कर शासन के दिशा निर्देशों से अवगत कराया। बैठक में एसडीएम कामिनी ठाकुर ने कहा कि स्कूल संचालकों को सुरक्षित स्कूल वाहन नीति का अनुपालना करना होगा। बैठक के दौरान स्कूल परिवहन सुरक्षा के दिशा निर्देश दिये। बैठक में एसडीएम ने कहा कि छात्रों की सुरक्षा की ज़म्मिेदारी स्कूल प्रशासन की है। इसलिए अगर कोई भी स्कूल छात्रों की सुरक्षा को लेकर कोताही बरतता है तो वो बर्दास्त नहीं किया जायेगा। एसडीम ने स्कूल बस संचालन के साथ ऑटो मैजिक फोर व्हीलर जो स्कूल में लगे हैं उनका रिकॉर्ड रखने के आदेश दिए। बैठक के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी ओपी जोशी ने प्राइवेट स्कूलों के भवनों के संबंध में हिदायत दी। उन्होंने टीसी नहीं देने के संबंध लापरवाही करने वाले स्कूलों को चेतावनी दी। इस बैठक में बीआरसी अरविन्द डहरिया ने सभी स्कूलों को आदेशित किया कि वह स्कूलों में छात्र-छात्राओं की मीटिंग 100% पूर्ण करें। बैठक में बीआरसी कार्यालय से अरविंद तिवारी अवधेश विश्वकर्मा ओपी सोनी पुलिस थाना जुन्नारदेव के नगर निरीक्षक राकेश बघेल तहसीलदार प्रीति पटेल सहित सभी स्कूलों के संचालक एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## जिला अस्पताल में प्रारम्भ हुई आरओपी मशीन

**बालाघाट।** सिविल सर्जन डॉ.निलय जैन ने बताया कि अब जिला अस्पताल में ही प्रीमेच्योर जन्म हुए शिशुओं की आंखों की जांच हो सकेगी। दरअसल समय से पूर्व (प्रीमेच्योर) जन्म लेने वाले शिशुओं को लंबे समय तक ऑक्सीजन देना होता है। अन्यथा उनकी आंखों की रेटिना में ऑक्सीजन की टॉक्सिसीटी हो जाती है। इससे शिशुओं में अंधापन हो जाता है।इसके लिए शिशुओं की जांच 21 दिन के भीतर करना आवश्यक होता है। अब इसी की जांच के लिए जिला अस्पताल के एसएनसीयू यूनिट में आरओपी मशीन स्थापित की गई है। सीएस डॉ. जैन ने बताया कि हर शिशु जिसे ऑक्सीजन प्रदान किया जाता है। उन्हें 21 वे दिन आरओपी से नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा जांच की जाएगी।

# स्कूल में लगेगी धनकोषा पंचायत : तहसीलदार और जनपद के अफसरों ने बनाई वैकल्पिक व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



जनपद पंचायत कटंगी के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत धनकोषा का संचालन अब गांव के ही प्राथमिक स्कूल के एक कमरे से होगा. तिरोड़ी तहसीलदार गीता राहंगडाले और जनपद के अधिकारियों की समझाइश के बाद पंचायत सरपंच शीला मड़ावी और अन्य पंचगण स्कूल के एक कमरे से पंचायत के कामकाज संचालित करवाने के लिए तैयार हो गए है. बता दें कि ग्राम पंचायत धनकोषा का पंचायत भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है. बारिश के दिनों में पंचायत भवन के भीतर बैठकर काम करना मतलब अपनी जान को जोखिम में डालने के जैसा हो गया है. ऐसे में सरपंच ने स्वयं और पंचायत कर्मियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दो दिन पहले पंचायत भवन में ताला लगा दिया था और कामकाज बंद करने का पत्र जनपद के अधिकारियों को लिखा था. जिसके बाद अधिकारियों ने पूरे मामले को संज्ञान में लिया और पंचायत के संचालन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था बनाई है. जनपद पंचायत कटंगी कार्यालय का एक दल पंचायत पहुंचा. जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों से काफी देर तक चर्चा की. वहीं गांव में किसी भी तरह के विवाद की स्थिति निर्मित ना हो पाए इसलिए पुलिस का भी सहयोग लिया गया था. आखिरकार शांति के साथ सरपंच ने स्कूल के एक कमरे से पंचायत संचालित करने की हामी भर दी है।

ग्राम पंचायत धनकोषा की इमारत की दुर्दशा को देखते हुए पंचायत सरपंच कई बार विभागीय अधिकारियों को नवीन भवन की स्वीकृति के लिए पत्र लिख चुकी है. सांसद, विधायक से गुहार लगा चुकी है. सभी जगह से केवल आश्वासन ही मिला है. पंचायत की दुर्दशा को देखते हुए पंचायत के उपसरपंच संतोष राहंगडाले काफी आक्रोश है. उपसरपंच भी अपनी राजनीतिक पहुंच का फायदा उठाते हुए राजनीतिक दलों के नेताओं को ज्ञापन सौंप चुके है. मगर, उन्हें भी केवल आश्वासन ही मिला. यहीं वजह है कि जब जनपद का दल पंचायत प्रतिनिधियों से चर्चा करने के लिए पहुंचा तो वह स्कूल भवन से पंचायत के कामकाज करने के पक्ष में नहीं थे बल्कि अधिकारियों पर तत्काल नवीन भवन की स्वीकृति दिलवाने की मांग पर अड़े हुए थे. हालांकि अधिकारियों की समझाइश पर सरपंच और अन्य पंचों ने ग्रामीणों के हितों को ध्यान में रखते हुए स्कूल के कमरे से पंचायत का कामकाज संचालित करने पर सहमति दे दी है. बताया जा रहा है कि नई इमारत की स्वीकृति के लिए वरिष्ट स्तर पर पत्राचार किया गया है. वहीं पंचायत भवन की मरम्मत के लिए राशि आवंटित की जाएगी।

## तीन नए कानून हुआ लागू : आईजी संजय कुमार ने नागरिक को दी नए कानून की जानकारी, नागरिकों से किया संवाद

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** भारतीय कानूनी प्रणाली को औपनिवेशिक प्रभाव से मुक्त करने की दिशा में एक नए कदम के रूप में देश में 1 जुलाई से तीन नये आपराधिक कानून लागू कर दिए गए हैं। बता दे कि ये नये कानून भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को प्रतिस्थापित कर रहे है। ब्रिटिश शासन के दौरान लागू किए गए आईपीसी 1860 और साक्ष्य अधिनियम 1872 को भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम द्वारा प्रतिस्थापित किया गया हैं। वहीं 1973 की आपराधिक प्रक्रिया संहिता को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता द्वारा बदल दिया गया हैं। सोमवार 1 जुलाई 2024 से नए कानून लागू होने पर वारासिवनी थाना परिसर में आम जनमानस तक नये कानून को पहुॅचाने हेतू एक कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें वारासिवनी के राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन एवं नगर के गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता आई जी बालाघाट रेंज संजय कुमार ने की। उन्होंने सभी को नये कानून के बारे में जानकारी दी। पुलिस और आम जनमानस के बीच हमेशा निष्पक्ष उपस्थिति आम जनमानस और आई जी संजय कुमार के बीच नये कानून को लेकर कुछ संवाद भी हुए। जिसमें तमाम जानकारियॉ आम जनमानस की ओर से आईजी संजय कुमार से पूछे गए जिसका बखूबी आईजी संजय कुमार के द्वारा उत्तर दिया गया।



कार्यशाला के दौरान अधिवक्ता जाहिद हुसैन ने आईजी संजय कुमार से नए कानून के बारे में संवाद किया और कहा कि पुलिस विभाग नए कानून के तहत आपराधिक मामलों सहित अन्य मामलों में निष्पक्षता के साथ कार्यवाही करेंगी। जिससे कोई बेगुनाह व्यक्ति इसकी चपेट में ना आ सके। जिस पर आई जी संजय कुमार ने उन्हें निष्पक्षता पूर्ण कार्यवाही के लिए आश्वस्त किया। भाजपा वरिष्ठ नेता शैलेन्द्र सेठी ने नए कानून का स्वागत किया। उन्होंने आईजी संजय कुमार के सामने वारा में प्रारंभ निर्माणाधीन फ्लाईओवर से आवागमन में होने वाली दिक्कतों को देखते हुए बताया कि सी एम राईज स्कूल में स्कूल प्रारंभ होने के समय और छुट्टी होने के समय 1700 करीब बच्चे अध्ययनरत करते हैं। जिस मुख्य मार्ग से यह बच्चे आने जाना करते हैं, वह व्यस्तम मार्ग है और छोटे बड़े वाहन वहॉ से ही गुजरते हैं। उस समय वहॉ ट्राफिक को नियंत्रण करने हेतु व्यवस्था करने की बात कही।

## न्यायालय ने भेजा जेल : पुलिस ने हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** तीन नए आपराधिक कानून लागू होने के बाद कटंगी पुलिस ने हत्या के एक मामले में हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार को माननीय व्यवहार न्यायालय कटंगी के समक्ष पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है. पुलिस ने प्रेस नोट जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम चम्मुटोला में 1 जुलाई की रात्रि करीब 10 बजे कविता पति जब्बरसिंह कोकोड़े उम्र 50 वर्ष की भतीजे ओमप्रकाश पिता रामसिंह कोकोड़े उम्र 35 वर्ष ने लोहे का कत्ता से गला काटकर हत्या कर दी थी. पुलिस ने आरोपी को 02 जुलाई मंगलवार को हिरासत में लिया और पूछताछ की. जिसमें आरोपी ने बताया कि चाची कविता उसे रात्रि के वक्त घर में आने-जाने से मना करती थी और चरित्र को लेकर संदेह करती थी. इसी बात को लेकर उसने हत्या की वारदात को अंजाम दिया. पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 194, भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (1), 238, 351 (3), 332 (ए) की कार्रवाई की है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डाबर के निर्देश और एसडीओपी माणक मणि कुमावत के मार्गदर्शन पर टीम का गठन किया गया था. जिसने घटना के 24 घंटों को भीतर ही हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया. इस पूरी कार्रवाई को थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले, उपनिरीक्षक दीपक गौतम, सहायक उपनिरीक्षक दादुराम पटले, पेढ़ारीलाल अहाके, प्रधान आरक्षक प्रवेश वर्मा, अनिल चौके, आरक्षक विमलेश सिसोदिया, शिवम बघेल, नवीन धुर्वे, गोविंद चौहान, सुमित दांगी, महिला आरक्षक भारती चंदेल की सराहनीय भूमिका रही।



**खबर का असर ...**

## अखबारों में समाचार प्रकाशन के बाद जागा जिला प्रशासन

# कायदी पंचायत के स्थानापन्न सरपंच-उपसरपंच के निर्वाचन के आदेश जारी

### जनपद सीईओ ने सचिव को निर्वाचन के लिए विशेष सम्मेलन बुलाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत कायदी के सरपंच व उपसरपंच की अपील को 8 व 10 माह पूर्व कमिश्नर जबलपुर संभाग अभय वर्मा द्वारा खारिज करने के बाद भी उनके पद पर बने रहने के समाचार के अखबारों में प्रकाशन के बाद आखिरकार जिला पंचायत बालाघाट के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी एस रणदा ने जनपद पंचायत वारासिवनी की मुख्य कार्यपालन दीक्षा जैन को कमिश्नर जबलपुर के आदेश के आलोच्य में ग्राम पंचायत कायदी में स्थानापन्न सरपंच व उपसरपंच के निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण करने के आदेश जारी किए हैं।

**जिला सीईओ ने जनपद सीईओ को दिया निर्वाचन करवाने का आदेश:** जानकारी अनुसार जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रणदा के इस आदेश के परिपेक्ष्य में जनपद पंचायत वारासिवनी की सीईओ दीक्षा जैन ने मंगलवार 2 जुलाई को ग्राम पंचायत कायदी की सचिव गायत्री गोस्वामी को पत्र जारी कर स्थानापन्न सरपंच-उपसरपंच के निर्वाचन की प्रक्रिया शीघ्र करवाने के लिए पंचायत का विशेष सम्मेलन बुलाने के निर्देश जारी किए हैं।

**9 जुलाई को हो सकती हैं स्थानापन्न सरपंच-उपसरपंच के निर्वाचन की प्रक्रिया:** बताया जाता हैं कि सचिव गायत्री गोस्वामी द्वारा स्थानापन्न सरपंच-सचिव का निर्वाचन करवाने के लिए 9 जुलाई 24 को पंचायत का विशेष सम्मेलन बुलाया जा रहा हैं। जिसमेंग्राम पंचायत कायदी के सभी 19 पंचों शामिल होगे। निर्वाचन की प्रक्रिया अनुसार दोपहर 12 बजे से स्थानापन्न सरपंच व दोपहर 3 बजे से उपसरपंच के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। जिसमें पंचायत के 19 पंच स्थानापन्न सरपंच-उपसरपंच का चुनाव अपने ही बीच से करेगे।

विदित हो कि जिला पंचायत बालाघाट के सीईओ द्वारा विभिन्न अनियमितताओं के आरोप में ग्राम पंचायत कायदी की सरपंच रेखा नगरगड़े व उपसरपंच संजय माहुले को 6 मार्च 2023 को पद से पृथक करने के साथ 6 वर्ष के लिए चुनाव लडऩे से वंचित कर दिया गया था। जिसके खिलाफ सरपंच व उपसरपंच ने कमिश्नर जबलपुर में अपील दायर कर स्थगन आदेश प्राप्त कर लिया था। लेकिन सुनवाई के बाद कमिश्नर अभय वर्मा ने 8 अगस्त 23 को उपसरपंच संजय माहुले व 10 अक्टूबर 23 को सरपंच रेखा नगरगड़े को जिला पंचायत बालाघाट के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा 6 मार्च 23 को जारी आदेश को यथावत रखते हुए सरपंच-उपसरपंच की अपील को खारिज कर दिया था।

**कमिश्नर का आदेश 10 माह तक दबा रहा सरकारी आलमारियों में:** लेकिन कमिश्नर अभय वर्मा का यह आदेश पिछले 10 माह से शासकीय कार्यालय की आलमारियों में दबा पड़ा हुआ था। वहीं सरपंच-उपसरपंच लगातार ग्राम पंचायत में पदासीन रहकर विभिन्न निर्माण कार्य संपादित करते हुए आहरण वितरण भी कर रहे थे।

समाचार प्रकाशन के बाद मजबूरन आदेश निकाला जिला पंचायत सीईओ ने

लेकिन यह आदेश अचानक ही शासकीय फाईलों से बाहर निकल कर मीडिया तक पहुॅच गया और मीडिया में समाचार प्रकाशन के बाद आखिरकार जिला पंचायत सीईओ को स्थानापन्न सरपंच-उपसरपंच के निर्वाचन का आदेश जारी करने के लिए मजबूर होना पड़ा हैं।

**कमिश्नर का आदेश अटकने की जॉच करवायेगा जिला प्रशासन:** फिलहाल तो यह जॉच का विषय हैं कि कमिश्नर जबलपुर अभय वर्मा द्वारा 8 अगस्त 23 व 10 अक्टूबर 23 को जारी आदेश आज तक कहॉ पर दबा हुआ था और इसे दबाने में किस अधिकारी या कर्मचारी का हाथ था। लेकिन इस मामले की जॉच कलेक्टर बालाघाट या जिला पंचायत सीईओ करवायेगे, इसमें भी संदेह नजर आ रहा हैं।

### इनका कहना हैं

ग्राम पंचायत कायदी के स्थानापन्न सरपंच-उपसरपंच के निर्वाचन करवाने के आदेश जिला पंचायत सीईओ से आज प्राप्त हुए थे। जिसके तारतम्य में पंचायत सचिव गायत्री गोस्वामी को पंचायत का विशेष सम्मेलन बुलाकर स्थानापन्न सरपंच-उपसरपंच के निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण करवाने के निर्देश आज ही जारी कर दिए गए हैं। निर्वाचन प्रक्रिया की तिथि की जानकारी सचिव द्वारा पत्र के माध्यम से कार्यालय को दी जायेगी।

**दीक्षा जैन सीईओ जनपद पंचायत वारासिवनी**

# तेल से भरा टैंकर पलटा: सड़क पर फैले तेल के कारण बाइक फिसली, 2 की मौत

**तेल का टैंकर पलटने की वजह से दो बाइक सवारों की मौत हो गई। राष्ट्रीय राज मार्ग 44 पर परासिया गांव के पास टैंकर पलटने के बाद तेल सड़क पर फैल गया था, तीन घंटे बाद जब बाइक सवार गुजरे तो फिसल गए और इसी दौरान पीछे आ रहे ट्रक की चपेट में आ गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच कर मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजे, साथ ही टैंकर को सड़क से हटवाकर किनारे कराया गया।**


बंजारी घाट में तेल से भरा टैंकर पलट गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जानकारी के अनुसार तेल से भरा टैंकर मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे परासिया बंजारी घाट के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना के बाद टैंकर का टैंक क्षतिग्रस्त होने के कारण उसमें भरा तेल सड़क पर फैल गया। घटना के तीन घंटे बाद वहां से बाइक में जा रहे खमरिया गूजर के रहने वाले दशरथ कुमार व मोहगांव गूजर के रहने वाले पवन यादव (40) की बाइक सड़क पर फैले तेल के कारण अनियंत्रित होकर फिसल गई। इस दौरान पीछे से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गए। ट्रक के नीचे दबने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा अन्य वाहन चालक भी तेल के कारण हादसे का शिकार हुए। हालांकि उन्हें ज्यादा चोट नहीं आई

इस हादसे की जानकारी लगते ही एसडीओपी अपूर्व भलावी सहित आदेगांव थाना पुलिस व एनएचएआई की टीम घटना स्थल पर पहुंची।पुलिस ने पंचनामा तैयार कर दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए लखनादौन भेजा।साथ ही तेल के बिखराव को देखते हुए एनएचएआई के अधिकारियों ने मार्ग को डायवर्ट भी करवा दिया। देर शाम तक वाहन डायवर्ट मार्ग से आवागमन करते

# बलात्कार की कोशिश के आरोपी को 20 वर्ष की सजा

**थाना कान्हीवाड़ा में नाबालिग पीड़ित उम्र 07 वर्ष की माँ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 10-03-2023 को शाम करीब 5-6 बजे जब उसकी बेटी घर के आंगन में खेल रही थी,उसी समय आरोपी संतकुमार पिता भुज्जे लाल कुमरे उम्र 46 वर्ष आया और उसको अपने घर में लेकर गया और उसके साथ गलत काम करने की कोशिश किया था। पीड़िता की माँ की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 60 /2023,धारा 376(AB) भादवी,धारा 5M,6 पॉक्सो एक्ट,के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय विशेष पाक्सो न्यायालय में प्रस्तुत किया गया शासन कि ओर से विशेष लोक अभियोजक श्रीमति दीपा ठाकुर जिला अभियोजन अधिकारी के द्वारा गवाह एवं सबूतों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया माननीय न्यायालय द्वारा गवाहों एवं सबूतों से सहमत होते हुए दिनाँक 01 जुलाई 2024 को निर्णय पारित करते हुए आरोपी संतकुमार को धारा 5(M)/6 पाक्सो एक्ट में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया। यह प्रकरण शासन ने जघन्यतम एवं सनसनीखेज के रुप मे चिन्हित किया था,जिसमे आरोपी संतकुमार को 20 वर्ष की सजा हुई है।

# चलती बाइक में सांप देखकर चालक के उड़े होश, हेडलाइट पर आकर बैठ गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छपारा।

छपारा तहसील के चमारी गांव के बाजार के बाइक में अचानक सांप दिखा। वह भी हेड लाइट पर बैठ गया। यह देख युवक ने किसी तरह मन काबू किया और हिम्मत दिखाते हुए बाइक रोकी। दरअसल, चमारी के नजदीकी इमली पठार गांव निवासी फूल श्याम धुर्वे घर से करीब आठ किलोमीटर दूर बाइक में सवार होकर चमारी स्थित बाजार पहुंचा था। यहां उस समय उसे कोई अंदाजा नहीं था कि उसकी बाइक के अंदर जहरीला सांप घुसा हुआ है।

बाजार पहुंचते ही अचानक जब गाड़ी की पेट्रोल टंकी के पास से सांप दिखा तो वह डर गया और तत्काल गाड़ी रोककर आसपास उपस्थित लोगों को जानकारी दी। इसके बाद उपस्थित



लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद एक डंडे से सांप को वाइजर के सामने से निकलने में सहायता की उसके बाद युवक अपनी गंतव्य की ओर रवाना हुआ। जनहित में विकासखंड के पशु चिकित्सक ने कहा कि वर्षा का मौसम शुरू होते ही सांपों के मामले बढ़ जाते हैं।वर्षा होने से सांपों के बिलों में पानी भर जाता है, जिसके कारण ये अपने बिलों से निकलकर लोगों के घरों या फिर किसी सुरक्षित स्थान में छिपने की कोशिश करते हैं। ऐसे में इस मौसम में लोगों को इन रेपटाइल से ज्यादा चौकन्ना रहने की जरूरत है क्योंकि ये आपको कहीं भी नजर आ सकते हैं।

# घर में बारिश का पानी घुसने पर विवाद, पहुंचा थाना, दर्ज हुई रिपोर्ट

**बारिश का पानी घर में घुसने पर घर के बाजू में बन रहे नवनिर्माण मकान के मालिक के ऊपर अनावश्यक रूप नाराजगी जाहिर करने के साथ मजदूरों से बदसलूकी करने पर शिक्षक ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में लिखाते हुए कहा कि मै बरघाट रोड हनुमान मंदिर के पास डुण्डासिवनी जिला सिवनी का रहने वाला हूँ। ग्राम भौंगाखेड़ा में माध्यमिक शाला में शिक्षक के पद पर पदस्थ हूँ। मेरा स्वंय का मकान जिंदल हस्पिटल के बाजू में भगतसिंह वार्ड भैरोगंज सिवनी के बाजू में बन रहा है जिसके बाजू से बरसाती पानी की निकासी के लिए नगरपालिका परिषद की नाली है।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

दिनांक 28/06/2024 के सुबह से अधिक बारिश होने के कारण मकान के सामने पानी का काफी भराव हो जाने एवं नाली से पानी की निकासी न हो पाने के कारण मेरे पडोसी ओमप्रकाश श्रीवास के मकान के अंदर बारिश का पानी भर जाने पर ओमप्रकाश श्रीवास के लडके ने मेरे मोबाईल पर बार- बार फोन लगाया। बारिश होने के कारण मैं मौके पर नहीं पहुँच पाया था। दोपहर करीब 01/00 बजे पियुष बघेल ने मुझे मेरे मोबाईल फोन पर बताया था कि ओमप्रकाश श्रीवास, अखिल और निखिल श्रीवास लाठी लेकर आये है और मारपीट को अमादा हो रहे तथा काम कर रहे रमेश सराठे, दिनेश यादव और कांती बाई को मां बहन की गंदी-गंदी गालिया दे रहे है। जो सुनने में बुरी लग रही है।

तीनों लोग कह रहे है कि तुम यहां से काम बंद करके यहा से चले जाओ। हम काम छोड कर अपने अपने घर जा रहे है तब मैने अपने मोबाईल फोन पर सीसीटीव्ही कैमरे की रिकार्डिंग देखा तो ओमप्रकाश श्रीवास, अखिल श्रीवास और निखिल श्रीवास तीनों जाति नाई लाठी लेकर निर्माणाधीन मकान में आकर मेरे लेवरों को मां बहन की गंदी-गंदी गालिया देकर मारपीट को अमादा हो रहे है तथा मेरे मकान में लगा सीसीटीव्ही कैमरा को अखिल श्रीवास ने डंडा मारकर तोड दिया तथा लेवरों को काम बंद कर जाने को कह रहे है तब मैने करीब 03 बजे अपने निर्माणाधीन मकान में जाकर देखा तो मकान में लगा सीसीटीव्ही कैमरा टूटा हुआ पडा हुआ था जिससे मुझे करीब 7 हजार रूपये की क्षति हुई है पूरी घटना की जानकारी मकान में काम कर रहे लेवर पियुष बघेल, रमेश सराठे, दिनेश यादव और कांती बाई बता देगें रिपोर्ट करता हूँ कार्यवाही की जावे।

# सुपर-100 परीक्षा 7 जुलाई से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

म.प्र.राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा सुपर-100 परीक्षा योजना 2024 का आयोजन दिनांक 07.07.2024 एवं 08.07.2024 को जिलास्तर के परीक्षा केन्द्र में आयोजित होगी। दिनांक 07.07.2024 रविवार को प्रथम पाली में प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक कक्षा 11वी JEE में की तैयारी के लिये एवं द्वितीय पाली में दोपहर 2.30 बजे से 5.00 बजे तक कक्षा 11वी में NEET की तैयारी हेतु सुपर-100 प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी। दिनांक 08.07.2024 प्रथम पाली में में प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक कक्षा 11वी में CLAT तैयारी हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी।

अतः जिले के समस्त प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है, कि संबधित सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र प्राप्त करने हेतु WWW.MPSOS.NIC.IN के पोर्टल पर ।Application Number/ MPBSE Roll number के अधार पर प्रवेश पत्र निकालने हेतु अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

# प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है यह बजट- आलोक दुबे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता पार्टी सिवनी जिले के अध्यक्ष आलोक दुबे ने कहा कि यह बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है। उन्होंने प्रदेश के मुखिया श्री मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने सिवनी मेडिकल कॉलेज के लिए बजट में प्रावधान किया है वहीं राम पथगवन के विकास के लिए भी इस बजट में प्रावधान किया गया है।जिससे सिवनी जिले के विकाश को नई गति मिलेगी श्री दुबे ने कहा कि प्रदेश के अधोसंरचना विकास समेत, सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखा गया है।भाजपा के जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत बजट युवाओं को नए रोजगारों के सृजन में सहायक है वहीं प्रदेश की महिलाओं के लिए लाडली बहन योजना में18984 करोड़ रूपये का प्रावधान कर माताओ,बहनों को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया गया है तो प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लोगों को पक्का घर मुहईया करने का काम भी किया जा रहा है गांवो के सर्वांगीण विकास के लिए बजट में 27870 करोड़ का प्रावधान किया गया है। किसानों को 10 हॉर्स पावर तक के सिंचाई मोटर पंप में ऊर्जा सब्सिडी देने का काम किया गया है खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए सरकार ने उचित कदम उठाये है,शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठाते हुए अतिथि शिक्षकों और विद्वानों के लिए बजट में प्रावधान किया गया है वही महाविद्यालय में भवन निर्माण और प्राइमरी शिक्षा के लिए विकास के नए प्रावधान किए गए हैं भाजपा के जिला अध्यक्ष श्री दुबे ने कहा कि पुलिस विभाग में 7 हजार नई भर्तियां निकालकर जहां रोजगार सृजन को बल दिया गया वहीं प्रदेश की सुरक्षा को चाकचैबंद करने का काम भी किया गया है। चिकित्सा के क्षेत्र में सरकार ने बेहद महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं श्री दुबे ने इस बजट को विकसित प्रदेश की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बताया है।

# सर्वन्याय संस्था की पहल पर स्टेडियम परिसर में नागरिकों द्वारा किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सर्व न्याय संस्था द्वारा सिवनी स्टेडियम प्रशासन के साथ मिलकर स्टेडियम परिसर मे पौधारोपण अभियान की शुरुआत कि गई। सर्वन्याय (जस्टिस फॉर ऑल) संस्था सिवनी जिले मे वंचित समुदाय को कानूनी मदद एवं पर्यावरण संरक्षण-जागरूकता के लिए कार्य करती है। संस्था द्वारा यह अभियान विगत दिनों सिवनी मे नगझर से सीलदेही तक बन रहे मार्ग के कारण जो 308 पेड़ काटे गए है उनकी भरपाई के लिए नागरिक अभियान शुरू किया गया है। शासन अपनी ओर से इस हेतु कार्य कर रहा है परंतु अपने भविष्य और पर्यावरण के लिए नागरिकों को भी आगे आने की जरूरत है। इस अभियान मे विशेष रूप से स्टेडियम प्रशासन की ओर से नेमा ने मदद की जिनकी सहायता से स्टेडियम परिसर मे 150 पौधे लगाए जाने है। सुबह स्टेडियम मे स्वास्थ्य वर्धन हेतु आने वाले नागरिकों एवं अलग अलग परीक्षाओं मे लगे युवाओं ने जमकर भागीदारी की। इस पूरे अभियान का एक प्रमुख लक्ष्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाना और अपने पेड़ों, जंगलों, तालाबों, नदियों आदि के संरक्षण के लिए जवाबदारी लेने का संदेश देना है। आने वाले समय मे समूह द्वारा शहर के अन्य क्षेत्रों विशेषकर मोक्षधामों मे पौधारोपण का अभियान चलाया जाएगा। जो लोग इस अभियान का हिस्सा बनाना चाहते है या अपने क्षेत्र मे पौधारोपण कारवाना चाहते है 9407054284 एवं 7000868750 नंबर पर संपर्क कर सकते है।

# शासकीय विधि महाविद्यालय में दीक्षारम्भ समारोह का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन में आज समापन समारोह के अंतर्गत नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के दीक्षारंभ उत्सव के अंतिम दिन शासकीय विधि महाविद्यालय सिवनी के प्राचार्य एवं मार्गदर्शक डॉ. राकेश कुमार चौरासे द्वारा संवेदीकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत संवैधानिक मौलिक कर्त्तव्य पर व्याख्यान दिया। साथ ही पेरालीगल क्लीनिक कक्ष का अवलोकन कराते हुए उन्होंने बेहतर कैरियर बनाने के लिए प्रेरित किया। नवप्रवेशित विद्यार्थियों से अभिरूचि फार्म भराये गये उन्हें नियमित क्लास लगाने पर बल दिया। साथ ही छात्र-छात्राओं की डेसकोड पहनकर आने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अगले चरण में डॉ. श्वेता आम्रवंशी (सहायक प्राध्यापक) द्वारा कार्यस्थल पर यौन



उत्पीडन (रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम 2013) विषय पर जानकारी दी गई। सुरेन्द्र सिंह अलावा (पूर्व सहायक लोक अभियोजन अधिकारी) ने अपने वक्तव्य में सूचना के अधिकार एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम पर विस्तरित परिचर्चा की। विषय विशेषज्ञ आदित्य गर्ग द्वारा साइबर एवं बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर व्याख्यान दिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक श्रीमति अर्चना पाठक (क्रीडा अधिकारी) ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को सामूहिक गतिवियाँ और समूह निर्माण अभ्यास, खेल ओर फिटनेस गतिविधियाँ, मनोरंजक खेल और प्रतियोगिताए शैक्षणिक सुविधाए, स्मार्ट क्लास एवं शैक्षणेत्तर सुविधाओं का अवलोकन करे जिससे उनसे जुडे नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को पाठ्यक्रम एवं विषय को चयन करने में सहायता मिले। ऐसे सुविधाओं में विद्यार्थियों को लाभ लेकर अपने व्यक्तित्व को निखारे और अच्छे नागरिक बनने की बात कही। श्री रामेश्वर प्रसाद शिववेदी ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को स्वास्थ्य और कल्याण अभिविन्यास, सुरक्षा और बचाव संबंधी जानकारी, परामर्श और मानसिक स्वास्थ्य सेवाए, विद्यार्थी सहायता सेवाए, विद्यार्थी क्लबों और सोसायटी का परिचय, सामाजिक उत्तदायित्व और सामुदायिक सेवा अभिविन्यास एवं अनुसंधान के अवसरों पर परिचय कराया गया। साथ ही कॉलेज में संचालित लाइब्रेरी, महिला प्रकोष्ठ, एन.एस.एस. एवं क्रीडाविभाग से संबंधित प्राध्यापक द्वारा विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर संयोजक डॉ. श्वेता आम्रवंशी ने तीन दिवसीय कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथि एवं छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया। संचालन नवीन बघेल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टॉफ श्री शंकर शंभू सोनी, श्री राकेश कुमार बरदिया, किशोर आत्मपूज्य, हिमांशु श्रीवास्तव, कमलेश ठाकुर, कपिल डागोरिया, विनोद डहेरिया, विजेन्द्र हेडाऊ सहित विद्यार्थी उपस्थित रहें।

# आयुष्मान योजनान्तर्गत म.प्र. सरकार ने 17 अरब 99 करोड़ सें अधिक राशि निजी चिकित्सालयों को दी-राजेन्द्र शुक्ल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**जिले के अंतर्गत प्रसुति सहायता राषि का भुगतान, निजी अस्पतालों को किये गये भुगतान, नामातरंण, बटवारा एवं सीमाकंन के प्रकरणों को निराकरण एवं चैकपोस्टों पर की जा रही अवैध वसूली के संबंध में सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा विधानसभा में लिखित प्रश्न किये गये। श्री दिनेष राय मुनमुन द्वारा किये गये निजी अस्पतालों को भुगतान संबंधि प्रष्न का उत्तर देते हुए मंत्री राजेन्द्र षुक्ल ने बताया कि कार्यालय आयुष्मान भारत निरामय द्वारा जबलपुर के नामी चिकित्सालयों के खिलाफ जॉच रिपोर्ट के आधार पर कोई भी एफआईआर दर्ज नही करायी गयी है। वर्ष 2020 से प्रश्न दिनांक तक विभिन्न माध्यमों से (पीएमओ, सीएमओ एवं सीएस मानिट, काल सेंटर, हितग्राही द्वारा की गयी लिखित षिकायते तथा सीपीजीआरएमएस, सीजीआरएमएससीएम हेल्प लाईन पोटर्ल माध्यम द्वारा ) कुल 23402 षिकायतें सरकार के पास पहुॅची है। प्रषासनिक अधिकारियों के कार्यकाल में आयुष्मान योजनान्तर्गत वित्तीय अनियमित्ता के संबंध में कोई जॉच रिपोर्ट नही है तथा तीन साल (2019-2022) तक निजी चिकित्सालयों को राषि 17,99,31,25,887.67/- का भुगतान किया गया है। सिवनी जिलें में आयुष्मान योजनान्तर्गत उपरोक्त अवधि में किसी भी प्रकार की अस्पतालों में वित्तीय अनियमित्ताऐं नही पायी गयी ।

## एसडीएम ने सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया

# मरीजों का हालचाल जान सुविधाएं बढ़ाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरघाट।

बरघाट एसडीएम संदीप श्रीवास्तव ने तहसीलदार डॉक्टर संजय बरैया के साथ बरघाट सिविल अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में सभी डॉक्टर और कर्मचारी उपस्थित दिखाई दिए। उन्होंने अस्पताल में साफ- सफाई रखने के लिए निर्देशित किया।

एसडीएम ने औषधि भण्डार कक्ष में पहुंच कर रिकार्डों को देखा और दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। इसके बाद एसडीएम ने भ्रमण करके ओपीडी कक्ष, पर्ची काउंटर पर मरीजों का हाल चाल जाना। उन्होंने अस्पताल में तैनात कर्मचारियों की उपस्थिति के लिए रजिस्टर चेक किया और वार्ड में तैनात स्टाफ नर्सों से बात कर मरीजों के हाल चाल को जाना व बीएमओ को सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके बाद अस्पताल में सफाई व्यवस्था, शौचालय, पेयजल सप्लाई का जायजा लिया। औषधि स्टोर में जाकर एसडीएम ने रजिस्टर से दवाईयों को मिलान किया तो वह ठीक पाया गया।



एसडीएम संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि सिविल अस्पताल में निरीक्षण के दौरान कोई बड़ी खामी नहीं पाई गई। व्यवस्था में और ज्यादा सुधार लाने के लिए आदेश दिए गए है। इस दौरान बरघाट नगर परिषद के सीएमओ वेदप्रकाश पुरी गोस्वामी व ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर श्रीमती उषा श्रीपांडे भी मौजूद थे। वहीं एसडीएम ने बरघाट नगर परिषद के नालों की सफाई के दौरा

# राहुल गांधी ने एक बार फिर सनातन को अपमानित करने का कुप्रयास किया है-सुजीत जैन

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को हिंसक बताया जाना कांग्रेस और इंडी गठबंधन के सनातन विरोधी हिडन एजेंडे का ही हिस्सा है। ऐसा करके राहुल गांधी ने एक बार फिर सनातन को अपमानित करने का कुप्रयास किया है, जिसके विरोध में देश भर में गुस्सा है।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

हमारी भारतीय संस्कृति को हिंसक बताने वाले राहुल गांधी को शायद मालूम नहीं है कि, सारी दुनिया में अगर अहिंसा, सद्भाव और वसुधैव कुटुंबकम को लेकर किसी का नाम लिया जाता है, तो वह सनातन संस्कृति ही है। हमने किसी के बच्चों को दीवार में चुनवाकर अपने धर्म के बारे में चर्चा नहीं की। हमने तलवार लेकर कभी धर्म का विस्तार करने के बारे में नहीं सोचा। उक्ताशय की बात राहुल गांधी के बयान की कठोर निंदा करते हुए उनका पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सुजीत जैन एवं प्रेम तिवारी द्वारा कही गई। उन्होंने ने कहा कि, विगत दिवस लोकसभा में महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने हिंदू समाज के प्रति जो घृणित टिप्पणी की है यह गांधी खानदान की हिंदू विरोधी परंपरा का अनुसरण ही है। राहुल गांधी द्वारा हिंदू समाज को हिंसक कहना उनकी ओछी मानसिकता और घृणित सोच का जीवंत प्रमाण है।

## खबर संक्षेप

### नये कानूनों पर कार्यशाला का आयोजन कल

**बालाघाट।** संसद द्वारा पारित तीन नये कानूनों भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में 5 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक शीतल पैलेस बालाघाट में कार्यशाला का आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा।

### नाबालिग की 7वीं मंजिल से गिरने पर हुई मौत

**कटंगी।** कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम महदुली के एक 17 वर्षीय नाबालिग की निर्माणाधीन इमारत की 07 वीं मंजिल से नीचे गिरने से दर्दनाक मौत हो गई. घटना एक दिन पहले 02 जुलाई की रात्रि 09 बजे के आस-पास की बताई जा रही है.



नागपुर के वसंत नगर के बजाज नगर थाना क्षेत्र में यह घटना हुई है. पुलिस ने आज बुधवार को नाबालिग के शव का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया. परिजन नागपुर से शव लेकर महदुली पहुंचे जहां अंतिम संस्कार किया गया. मृतक बिलेन्द्र पिता श्रीचंद सलामे उम्र 17 वर्ष है. जो अपने दोस्तों के साथ मजदूरी का कार्य करने के लिए नागपुर गया हुआ था. घटना के संबंध में महदुली निवासी आशु ने जानकारी देते हुए बताया कि बिलेन्द्र गांव में ही फोटोग्राफी का काम करता था लेकिन कुछ दिनों पहले ही अपने दोस्तों के साथ मजदूरी करने के लिए नागपुर चले गया था. जहां नाइट शिफ्ट में कार्य करते हुए हादसे का शिकार हो गया।

### कृषि स्थायी समिति की बैठक आज

**बालाघाट।** कृषि स्थायी समिति की बैठक 4 जुलाई को जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की जाएगी।

### हिंदू हिंसक नहीं है, इसलिए हिन्दुस्तान में शांति है - चावड़ा

# विहिप ने फूंका राहुल गांधी का पुतला





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

एक जुलाई को लोकसभा सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हिन्दू के हिंसक होने वाले बयान पर भाजपा और हिंदूवादी संगठन हमलावर हैं। मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर भाजयुमो ने पुतला दहन किया था। वहीं बुधवार को विश्व हिन्दु परिषद ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया।

इस दौरान राहुल गांधी होश में आओ के नारे भी लगाए। विहिप अध्यक्ष यज्ञेश लालु चावड़ा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हिंदुओं को हिंसक बताए जाने के बयान की निंदा करते हुए कहा कि हिन्दू हिंसक तब होगा, जब हमारे देवी-देवताओं पर हमला किए जाएंगे। हिन्दू हिसंक तब होगा, जब सनातन धर्म पर हमले होंगे। यदि हिन्दुओं को हिंसक बताने वाली विचारधारा को राहुल गांधी और कांग्रेस ने नहीं त्यागा तो इसके परिणाम भी उन्हें भुगतने पड़ेंगे।

उन्होंने कहा कि देश में हिन्दू कभी हिंसक नहीं रहा है। यही कारण है कि हिन्दुस्तान में शांति है। यह पहली बार नहीं है, विदेश में जाकर भगवा को आतंकवाद से जोड़ने, भगवान श्रीराम मंदिर के लोकार्पण में नहीं पहुंचने जैसे कई मामले में जब राहुल गांधी हिंदुओं के विपरीत खड़े दिखाई दिए हैं।

हम राष्ट्रपति से मांग करते हैं कि इस मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर एफआईआर दर्ज की जाए। इस दौरान बड़ी संख्या में हिंदूवादी संगठन विहिप के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हाथरस के मृतकों को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

### मौन रखकर मृतकों की आत्मा को ईश्वर से शांति देने की प्रार्थना



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** उत्तर प्रदेश के हाथरस में मंगलवार को भोले बाबा के सत्संग के दौरान मची भगदड़ में मारे गए लोगों को कांग्रेस ने श्रद्धांजलि दी।

शहर कांग्रेस कमेटी ने हनुमान चौक स्थित गांधी प्रतिमा स्थल के पास मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा और मृत आत्माओं को ईश्वर से शांति प्रदान करने की प्रार्थना की।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कैलाश साहू ने कहा कि उत्तर प्रदेश के हाथरस में मंगलवार को भोले बाबा के सत्संग के दौरान मची भगदड़ में सवा सौ से ज्यादा हिन्दुओं की मौत हो गई और कई हिन्दू घायल हैं। इस घटना में मृतक लोगों को कांग्रेस ने अपनी अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि दी है और ईश्वर से प्रार्थना की ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवार को इस गहन दुःख से लड़ने की शक्ति प्रदान करें।

उन्होंने कहा कि हाथरस में सत्संग के दौरान मारे गए सैकड़ा से ज्यादा हिन्दुओं की मौत पर भाजपा चुप है लेकिन राहुल गांधी के बयान को मुद्दा बनाकर भाजपा, हिन्दुओं को लेकर राजनीति कर रही है। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्याम पंजवानी ने कहा कि घटना दुःखद है, लाखों की संख्या में हिन्दुओं की मौजूदगी पर सरकार और प्रशासन, सुरक्षा को लेकर नाकाम रहा। जिसके कारण इतने लोगों की भगदड़ में मौत हो गई। जिसमें मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए हमने माता रानी से प्रार्थना की है।

वरिष्ठ कांग्रेस जुगल शर्मा और महिला नेत्री रचना लिल्हारे ने घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों की जान, प्रदेश सरकार और प्रशासन की नाकामी से गई है। इतने बड़ी संख्या में हिन्दुओं के असमय मारे जाने पर चिंता जाहिर करने के बजाए, भाजपा, राहुल गांधी के बयान पर हो-हल्ला कर रही है। उन्होंने कहा कि तत्काल सरकार को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। वहीं इस मामले में लापरवाही बरतने वाले प्रशासनिक अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

# बजट : बालाघाट को मिली करोड़ों रुपए की सड़कों की सौगात, मेडिकल कॉलेज के लिए नहीं मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



प्रदेश की मोहन यादव सरकार ने बुधवार को अपनी सरकार का नया बजट पेश किया। वित्त मंत्री विजय देवड़ा ने सदन पटल पर बजट पेश किया, जिससे जिलेवासियों को खासी उम्मीद थी। जिले वासियों को इंतजार था कि तत्कालीन सरकार में स्वीकृत जिले के मेडिकल कॉलेज के लिए आवंटन मिलेगा, लेकिन यह उम्मीद भी टूट गई। हालांकि बालाघाट जिले को करोड़ों रुपए की सड़कों की सौगात मिली है।

लोक निर्माण विभाग अंतर्गत कटंगी और वारासिवनी और अन्य विधानसभा को लाखों रुपए की सड़कें को बजट में शामिल किया गया। जिसमें 2100 लाख रुपए की लागत से डोंगरमाली से घोटी 14 किमी मार्ग, 368 लाख रुपए की लागत से उमरी-सावंगी-अर्जुनी-बाहकल 8.60 किमी मार्ग, 418 लाख रुपए की लागत मोहगांव-कुंडे मार्ग, 500 लाख रुपए की लागत से कुल 27.36 किमी मार्ग में भौरगढ़ से टेमनी मार्ग, कटोरी से लिलामा मार्ग, कटोरी-फुलचुर-शंकर पिपरिया मार्ग 2.70 किमी, कटोरी-भंडारबोड़ी-कचेखनी मार्ग 3.74 किमी, कटोरी-चोरपिंडकेपार-रानी मोहगांवघझट मार्ग 8.74 किमी, सालेटेका-घुबड़गोंदी मार्ग 2.10 किमी, कटेदरा-जरामोहगांव मार्ग 6.80 किमी, 550 लाख रुपए की लागत से कुल 27.05 किमी मार्ग में कटंगी-नंदोरा मार्ग 7.45 किमी, कटेदरा-चौखंडी मार्ग 1 किमी, खांदीटोला-बोलडोंगरी मार्ग 1.20 किमी, कोसुंबा-भांडारेव मार्ग 4 किमी, लखनवाड़ा-सिरपुर चौकी मार्ग 1.50 किमी, लखनवाड़ा-वरूड़-भजियापार मार्ग 4.50 किमी, महकेपार-कोड़बी मार्ग 2.40 किमी, सुकली-जामुनटोला मार्ग 5 किमी, 700 लाख रुपए की लागत से कुल 11.70 किमी मार्ग में आलेझरी-कासपुर मार्ग 1.50 किमी, गर्रा-एकोड़ी मार्ग 2 किमी, वारा से आलेझरी मार्ग 6 किमी की सड़क बनाने का प्रावधान बजट में किया गया।

सरकार ने किसानों के लिए बजट में जो प्रावधान किया है, उसका फायदा जिले के किसानों को मिलेगा। चूंकि बालाघाट जिला धान और गेंहू उत्पादक जिला है। जिन्हें गेंहू में दिए जाने वाले सवा सौ रुपए बोनस का फायदा मिलेगा। वहीं बजट में घोषणा के अनुरूप धान के 3100 रुपए दिए जाने के लिए कोई प्रावधान नहीं होने से किसानो में नाराजगी भी है। जिले के अग्रणी महाविद्यालय पीजी कॉलेज में सीटे बढ़ने से इसका फायदा जिले के उच्च शिक्षा पाने वाले युवाओं को होगा।

कांग्रेस से परसवाड़ा विधायक मधु भगत ने कहा कि सरकार ने बजट में कोई नया टैक्स नहीं लगाया है, जो एक अच्छा कदम है। सरकार ध्यान रखे की बजट में आवंटित राशि से विकास हो और वह हितग्राहियों के खाते तक पहुंचे। सरकार के बजट में चुनावी वादे अनुसार धान का 3100 रुपए मूल्य नहीं किए जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि यदि सरकार यह कर लेती तो धान उत्पादक बालाघाट जिले के किसानों को इसका फायदा होता और यह एक अच्छा बजट कहलाता।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान में तालाबो, स्कूलों, रेस्ट हॉउस और विभागों के परिसरों में होगा पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत जिले के समस्त विभागों द्वारा अपने अपने परिसरों और कार्य स्थलों पर पौधरोपण किया जाएगा। अभियान में पौधरोपण की तैयारियों के लिए कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने बुधवार को बैठक की गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि बारिश के दौरान प्रदेश शासन की सबसे सर्वोच्य प्राथमिकता में यह कार्य है। इसलिए हर एक विभाग इस नेक कार्य पर जोर देंगे। इस कार्य में अशासकीय संस्थाओं द्वारा भी विस्तृत पौधरोपण का लक्ष्य दिया गया है। मॉइल द्वारा 20 हजार पौधें लगाएगा। साथ ही स्वास्थ्य विभाग हर एक स्वास्थ्य केंद्र पर, खाद्य विभाग सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों, मत्स्य विभाग तालाबों, शिक्षा व डीपीसी कार्यालय सभी स्कूलों में, जनजाति कार्य विभाग सभी छात्रवासों में तथा पीडब्ल्यूडी द्वारा सभी विश्राम गृहों में पौधरोपण करेंगे।

### सरस्वती विद्यालय में सुंदरकांड पाठ से किया गया शिक्षा सत्र का प्रारंभ

**वारासिवनी।** स्थानीय सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सत्र 2024-25 का शुभारंभ संगीतमय सुंदर कांड पाठ एवं भगवान श्री सत्यनारायण जी की कथा पूजन व हवन से प्रारंभ किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम को ज्ञान विकास समिति के कार्यकारी अध्यक्ष तिलक पारधी एवं सचिव संजय मांधाता के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसमें संध्या 7 बजे से संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया गया। जो रात्रि साढ़े 9 बजे तक हुआ।

# धान के खेत और वेनगंगा के किनारे क्रोंच पक्षी की शरणस्थली

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट के धान के खेत और यहां की वेनगंगा नदी के किनारें क्रोंच या सारस पक्षी के लिए शरणस्थल के तौर जाने जा रहें है। इन बात का खुलासा कुछ दिनों पूर्व सेवा संस्था ने वन विभाग, जिला पुरातत्व संस्कृति परिषद व स्थानीय किसान सारसमित्र के सहयोग से की गई गणना से हुआ है। जिले में 25 दलों द्वारा सारस पक्षियों की गणना की गई। दलों ने ऐसे 60-70 स्थलों पर सारस या क्रोंच पक्षी के घोंसले या शरणस्थल देखें है। बालाघाट में गणना कार्य प्रकल्प प्रभारी श्री सावन बहेकार के निर्देशन में किया गया है। बालाघाट के अलावा गोंदिया और भंडारा जिले में भी इन तरह की गणना की गई है। हालांकि इस वर्ष की गणना में पिछले वर्ष की तुलना में 3 क्रोंच पक्षियों की कमी आयी है। वर्ष 2023 में 48 क्रोंच पक्षी देखें गए थे। इस वर्ष 45 बालाघाट में, गोंदिया में 28 और भंडारा में 4 पक्षी मिले है।

सारस पक्षी को ही संस्कृत मव क्रोंच पक्षी के नाम से जाना जाता है। महर्षि वाल्मीकि रामायण में सबसे पहले अगर किसी श्लोक का उल्लेख है तो इसी क्रोंच पक्षी का है। यह पक्षी बड़ा खूबसूरत दिखाई देता है। इसे प्रेम,शांति, खुशी का प्रतीक भी माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि यही पक्षी जन्म व पुनर्जन्म का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसी किवदंती या कहा भी जाता है कि यह पक्षी अपने साथी के लिए जान भी दे सकता है। ये एक ही घोंसले में वर्षो तक रहते है।

# विधायक भगत के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मिला गोवारी प्रतिनिधि मण्डल



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

परसवाडा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भगत के नेतृत्व में जिला गोवारी समाज का एक प्रतिनिधि मण्डल बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिलकर गोवारी जाति को अनुसूचित जनजाति का जाति प्रमाण जारी करने एवं गोवारी जाति को पिछडे वर्ग की क्रमांक 01 सूची से विलोपित करने ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर आदिवासी गोवारी समाज के प्रदेश अध्यक्ष महेश सहारे, जिला अध्यक्ष कन्हैया राउत, जिला सचिव परमानंद नागो के साथ कटंगी विधायक गौरव पारधी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री द्वारा ज्ञापन का अध्ययन कर शीघ्र ही इस पर संबंधित अधिकारियों से विचार विमर्श करने का आश्वासन दिया गया है। उल्लेखित है कि इसके पहले गोवारी प्रतिनिधि मण्डल विधायक भगत के नेतृत्व में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार, मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र तोमर से मिलकर भी अपनी बात रख चुका है।

### पटरी बन रही आम राहगीरों के लिए मुसीबत

# बालाघाट सिवनी मार्ग की नहीं हो रही मरम्मत, दिखाई दे रहे बड़े-बड़े गड्ढे

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।



समझ में यह नहीं आता की बालाघाट-सिवनी मार्ग की आखिर मरम्मत क्यों नहीं की जा रही है। बारिश की शुरुआत हो चुकी है और ऐसे में मार्ग पर गड्ढो का अंबार, राहगीरों के लिए आवागमन में बाधा पैदा कर सकता है वहीं दूसरी तरफ मार्ग पर गड्ढों के चलते वाहन भी अपनी साइड से नहीं चल रहे है गड्ढा बचाने के चक्कर में पूरी मार्ग पर वाहन दौड़ा रहे जिससे दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है गड्ढो की जल्द मरम्मत करवाई जाए जिससे अनहोनी घटना को डाला जा सके मार्ग के दोनों ओर पटरीयों की हालत भी बद से बदतर है पर अव्यवस्था पर किसी भी जिम्मेदार का ध्यान न जाना समझ से परे है मार्ग पर जगह-जगह अनेकों गड्ढे जानलेवा साबित हो रहे हैं जिसे जल्द ही मरम्मत की दरकार है। ऐसा ना हो की बारिश में बड़े-बड़े गड्ढो के चलते हम राहगीरों और वाहनों क्रो मार्ग पर आवागमन करने में बाधा उत्पन्न हो उक्त मार्ग पर रोजाना बड़ी संख्या में यातायात देखा जा रहा है हजारों वाहन बड़ी संख्या में आवागमन कर रहे हैं स्कूली छात्र-छात्राएं गरीब मजदूर और किसान रोजाना किसी न किसी कार्य से लालबर्रा से बालाघाट सफर कर रहे हैं देखने में आ रहा है कि मार्ग पर जगह-जगह गड्ढो के चलते राहगीर भी अपने गंतव्य तक लेट लतीफी से पहुंच रहे हैं। प्रबुद्ध जनो ने संबंधित विभाग से मार्ग की जल्द मरम्मत करने की मांग की है।

### चालू सत्र में इन स्कूलों ने बढ़ाई 10 प्रतिशत स्कूल फीस

# स्कूलों से मांगी कक्षा 5 और 8 वी पास करने वाले विद्यार्थियों की सूची

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने मंगलवार को निजी स्कूल प्रबंधन के साथ स्कूल संचालन के संबंध में बैठक आयोजित की। बैठक में स्कूलों पर जुर्माना भी लगाया गया। साथ ही उन्होंने स्कूल प्रबंधन से ऐसे छात्रों की सूची मोबाइल नम्बरों सहित मांगी गई है। जो कक्षा 5 वी उत्तीर्ण होकर अन्य स्कूलों में प्रवेश ले रहे है या ले चुके है। साथ ही कक्षा 8 वी के उन विद्यार्थियों की जो अन्य स्कूलों में प्रवेश ले चुके है तथा प्रवेश के लिए प्रयास कर रहें है। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी स्कूलों से ऐसी सूची मांगी है। उन्होंने कहा कि जो पास हुए है उनके भविष्य की चिंता हमें करनी है। उनके लिए राज्य शिक्षा केन्द्र से भी सहयोग लिया जाएगा।

**सत्र 2024-25 में स्कूल फीस बढ़ाने वाले स्कूल ये है:** बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए थे कि अगर निर्धारित स्कूल शुल्क से अधिक फीस ली गई है तो निश्चित रूप से कार्यवाही होगी। इसके अलावा फीस वापस या एडजस्ट करना होगी। सत्र 2024-25 में जिले के 13 स्कूलों ने स्कूल फीस में 10 प्रतिशत तक की वृद्धि निर्धारित की है। जिसके अनुसार लांजी के पाली एकेडमी इंस्टिटिट्यूशन बिसोनी में अब नर्सरी से लेकर 5वी कक्षा तक की फीस 13176 रुपये, 6वी से 8वी तक 16105 तथा 9वी व 10वी की फीस 24200 रुपये तय की गई है। वहीं विवेक ज्योति उमावि बालाघाट में केजी-1 से केजी-2 की फीस 11830 रुपये, पहली से तीसरी 14140 रुपये, चौथी व पांचवी 14660, 6वी से 8वी 17050, 9वी व 10वी 19250 तथा 11वी एवं 12वी की फीस 21230 रुपये निश्चित की गई है। सिटी सेंटर इंग्लिश स्कूल बालाघाट में नर्सरी की फीस 22300, केजी-1 व केजी-2 19900, पहली से पांचवी तक 22300 तथा 6वी से 8वी तक 25700 होगी। इंदिरा गांधी उमावि वारासिवनी में नर्सरी से केजी-2 की फीस 8800, पहली से पांचवी तक 11000, 6वी से 8वी 11600, 9वी व 10वी 11400 तथा 11वी एवं 12वी की फीस 12000 की गई है।

इंदिरा मेमोरियल वारासिवनी में पहली व दूसरी की फीस 9550, तीसरी से पांचवी तक 10350, 6वी से 8वी 11500, 9वी में 13850, 10 वी में 14200, 11वी में 17150 तथा 12वी कक्षा में 18950 रुपये फीस निर्धारित की गई है। सरस्वती उमावि वारासिवनी में पहली व दूसरी 6600, तीसरी से पांचवी 7200, 6वी से 8वी 7900 तथा 9वी से 10वी की फीस 11800 रुपये की गई है। एकता पब्लिक स्कूल वारासिवनी में पहली से आठवीं 6800, 9वी व 10वी 7000 तथा 11वी व 12वी की फीस 7500 रुपए की गई है। केशव इंग्लिश स्कूल वारासिवनी में पहली व दूसरी 11300, तीसरी की 12900, चौथी व पांचवी 13500, 6वी से 8वी 14830, 9वी व 10वी 17250 तथा 11वी व 12वी की फीस 21710 रुपए की गई है।

वारासिवनी के गुरुदेव इंटरनेशनल स्कूल कायदी में चौथी व पांचवी की फीस 34100, 6वी की 36300, 7वी व 8वी 38500, 9वी व 10वी 41800 तथा 11वी एवं 12वी की फीस 45100 की गई है। श्री दादाबाड़ी जैन उमावि बालाघाट में नर्सरी से केजी-2 की फीस 11000 रुपये, पहली से पांचवी 15270, 6वी से 8वी 17620, 9वी व 10वी 22180 तथा 11वी एवं 12वी की फीस 27850 रुपये की गई है। वहीं लांजी के बापू आदर्श पब्लिक स्कूल साडरा में पहली से पांचवी तक की फीस 5324 रुपये तथा 6वी से 8वी तक 6655 रुपये की गई है। साथ ही बिरसा के मोनफोर्ट हायर सेकेंडरी स्कूल गर्राटोला में 6वी से 8वी की फीस 11550, 9वी व 10वी 13220, 11वी में 15310 तथा 12वी में 15700 रुपये की गई है।

इसके साथ ही सर्वोदय इंटरनेशनल स्कूल बालाघाट में पहली से तीसरी तक 14400, चौथी व पांचवी 15500, 6वी से 8वी 18800, 9वी में 21020 तथा 10वी में 22120 रुपये फीस निर्धारित की गईं है। 10 प्रतिशत से अधिक की फीस राशि बढ़ाने वाले स्कूलों पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जुर्माना लगाने के साथ ही ली गई अधिक राशि अभिभावकों को वापस करने के निर्देश दिये।

### भाजयुमो नगर मंडल ने वार्ड नं. 30 में किया पौधारोपण

# राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व में चल रहा अभियानः नगर अध्यक्ष कटरे

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रदेश सहित जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान को भाजयुमो के पदाधिकारियों के द्वारा लगातार गति देने का कार्य किया जा रहा है और नगर मुख्यालय सहित आस पास के क्षेत्रों में पौधारोपण किया जा रहा है। गौरतलब हो कि प्रदेश नेतृत्व के जो भी निर्देश भारतीय जनता पार्टी को मिलता है तो उसे पूरा करने और लक्ष्य हो हासिल करने में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारी अपना सहयोग प्रदान करते है। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष जैनेन्द्र कटरे ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के द्वारा 23 जून से 6 जुलाई तक एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है जिसमें भाजपाई सहित अन्य लोग भी बढ़चढक़र हिस्सा ले रहे है और इस अभियान में अपना योगदान दे रहे है। इसी कड़ी में भाजयुमो नगर मंडल के सभी पदाधिकारियों के साथ मिलकर नगर के वार्ड नंबर 30 में पौधारोपण किया गया गया है इसके साथ ही नगर के सभी वार्डो में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया जाना है।

### सभी को लगाना चाहिए पौधाः जैनेन्द्र कटरे



वही भाजयुमो नगर अध्यक्ष जैनेन्द्र कटरे ने कहा कि आगामी समय को देखते हुए सभी से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपने किसी भी कार्य के अवसर पर एक पेड़ तो अवश्य लगाना चाहिए जिससे के आगामी समय में लोगों को छाया मिलती रही और हरयाली बनी रहे। वहीं आगे कहा कि जो भी पौधा हम लोगों के द्वारा लगाया जा रहा है उसके सरक्षंक की जिम्मेदारी भी हम ले रहे।

वार्ड नं. 30 में पौधारोपण के अवसर पर भाजयुमो नगर अध्यक्ष जैनेन्द्र कटरे, पूर्व पार्षद राजेश लिल्हारे, कमलेश पांचे, कैलाश बालचंदानी, राजेश लिल्हारे, कमलेश पांचे, प्रसन्न काकरिया, जितेंद्र राजपूत, प्रज्जवल चौरसिया, संतोष सिंगारे, संजू वराडे, दीपक लिल्हारे, सिद्धार्थ वाजपेई, सोनू कसार, हिमांशु चौकसे, रंजीत गोयल, शुभम रिनायत, अक्षय ठाकरे, जय गोस्वामी, शुभम शिवाले, राहुल कापसे सहित भाजयुमो नगर मंडल के सभी पदाधिकारी व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2024-25
AGRICULTURE
B.Sc.(Hons.) Ag. | B.Tech.
M.Sc.(Ag) (Agronomy/Horticulture)
LAW
BA LL.B. | LL.B. | LL.M.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111